कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-27.11.2023

थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास मे वांछित अभियुक्त अख्तर उर्फ नाटे गिरफ्तार, कब्जे से घटना मे प्रयुक्त खूनालूद कैंची बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध/अपराधियों की रोकथाम व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0288/2023 धारा 307 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अख्तर उर्फ नाटे पुत्र स्व0 अब्दुल कादिर निवासी ताल धमरिया थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी को दिनांक-26.11.2023 को समय करीब 20.35 बजे ताल धमरिया मैदान थाना लोहता कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 01 अदद खूनालूद कैंची बरामद हुआ। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-दिनांक 26.11.2023 को वादी मुकदमा श्री सुहैल पुत्र आजाद निवासी हरपालपुर मस्तान बाबा थाना लोहता जनपद वाराणसी ने अभियुक्त अख्तर उर्फ नाटे द्वारा वादी के 10 वर्षीय पुत्र को कैंची से बुरी तरह मारने के संबंध मे लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता मे मु0अ0सं0 288/2023 धारा 307 आईपीसी पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 मो0 आरिफ खान द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- अख्तर उर्फ नाटे पुत्र स्व0 अब्दुल कादिर निवासी ताल धमरिया थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- एक अदद कैंची खूनालूद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1-उ0नि0 मो0 आरिफ खान थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2-का0 मोती चन्द थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3-का0 सुनील प्रसाद थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी

14 अक्टूबर, 2023